# ऑनलाइन बिकेंगे स्थानीय उत्पाद

## पांच दिवसीय 'बेकरी प्रशिक्षण' कार्यक्रम की तैयारियों एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखण्ड के ग्रामीण समुदायों के लिए एकीकृत आजी. विका, नवीकरणीय ऊर्जा एवं पर्यावरण सुदृढ़ता पहल परियोजना के अंतर्गत अनुगूंज परियोजना से संबंधित एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वास्तुकला एवं नियोजन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की द्वारा विकासखंड हवालबाग स्थित प्रगति स्वायत्त सहकारिता के ग्रोथ सेंटर में 19 मई, 2026 से प्रस्तावित पांच दिवसीय 'बेकरी प्रशिक्षण' कार्यक्रम की तैयारियों एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए निर्देश दिए कि प्रशिक्षण का लाभ वास्तविक रूप से कार्य करने वाले समूह सदस्यों को ही प्रदान किया जाए तथा प्रशिक्षण के उपरांत प्राप्त कौशल को धरातल पर भी प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि



ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वास्तविक वृद्धि सुनिश्चित हो सके। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की से जुड़े विशेषज्ञों ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड के ग्रामीण समुदायों के लिए एकीकृत आजीविका, नवीकरणीय ऊर्जा एवं पर्यावरण सुदृढ़ता पहल परियोजना के अंतर्गत राज्य के केवल छह विकासखंडों का चयन किया गया है, जिनमें अल्मोड़ा जनपद का हवालबाग विकासखंड भी शामिल है। परियोजना के माध्यम से ग्रामीण समुदायों की आजीविका को सुदृढ़ करने, पर्यावरणीय संवेदनशीलता बढ़ाने तथा स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोजगार को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बताया कि ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत प्रगति आजीविका द्वारा संचालित बेकरी यूनिट में 19 से 23 मई, 2026 तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें तीन दिन प्रतिभागियों को बेकरी निर्माण से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जबकि दो दिन बिजनेस प्लान, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीडीओ ने विशेषज्ञों से जनपद में उत्पादित स्थानीय उत्पादों जैसे काफल, हिसालू, किल्मोड़ा एवं अन्य जंगली फलों के पोषण मूल्य का वैज्ञानिक परीक्षण कर उनकी पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग विकसित करने तथा इंस्टाग्राम, फेसबुक, अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑनलाइन मार्केटिंग की संभावनाओं पर कार्य करने का अनुरोध किया। इस पर विशेषज्ञों ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की के बायो साइंस एवं बायो इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

# दर्जा मंत्री के हस्तक्षेप के बाद हरकत में प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाड़ेछीना पेट्रोल पंप में पिछले करीब दो माह से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों, पर्यटकों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्ति निरीक्षक, राजस्व ग्राम बाड़ेछीना द्वारा पेट्रोल पंप स्वामी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर ईंधन आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को ईंधन भरवाने के लिए अल्मोड़ा तक जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि हो रही है। साथ ही वर्तमान पर्यटन सीजन को देखते हुए क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक बताई गई है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर ईंधन आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो संबंधित पेट्रोल पंप स्वामी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई



की जाएगी। नोटिस की प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी सदर अल्मोड़ा तथा जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा को भी भेजी गई है। इधर, दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि बाड़ेछीना क्षेत्र से गुजरने वाले स्थानीय निवासियों, पर्यटकों एवं वाहन चालकों को लंबे समय से ईंधन संकट के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पिलख्वाल ने संबंधित विभाग को नियमित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर....

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सम्मान समारोह

**बागेश्वर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे का बैच अलंकरण कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने आपदा एवं जरूरत के समय रेडक्रॉस की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए हर संभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे राहत एवं प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

### जिले में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार

**बागेश्वर।** जिला पूर्ति अधिकारी बब्बू पांडे ने बताया कि जनपद की सभी तहसीलों में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आम जनता को ईंधन की कमी नहीं होने दी जाएगी। जिले में वर्तमान में कुल 1,03,786 लीटर डीजल, 93,843 लीटर पेट्रोल और 8,232 लीटर पावर पेट्रोल उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिले के 14 पेट्रोल पंपों में से 12 संचा. लित हैं, जबकि दो पंप आपसी विवाद के चलते बंद हैं, जिन पर विभागीय कार्रवाई की जा चुकी है। कई पेट्रोल पंपों के लिए अतिरिक्त ईंधन आपूर्ति हेतु इंडेंट भी भेजा गया है। गौरतलब है कि 7 मई को जिला मुख्यालय में किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन उपलब्ध नहीं हो पाया था। पंप संचालकों के अनुसार प्लांट से आपूर्ति नहीं मिलने के कारण यह स्थिति बनी थी।

### एनटीडी-शिखर मार्ग पर चौपहिया वाहन बंद

**अल्मोड़ा।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अल्मोड़ा पुलिस ने ट्रैफिक प्लान में आंशिक संशोधन किया है। एसएसपी चन्द्रशेखर घोड़के के निर्देशन में लागू नई व्यवस्था के तहत एनटीडी तिराहा से शिखर तिराहा मार्ग पर स्कूल समय के दौरान सभी चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार यह प्रतिबंध प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक तथा दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक प्रभावी रहेगा। पुलिस ने बताया कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यातायात पुलिस ने आमजन से सहयोग करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### मिनि. एसो. सिंचाई का द्विवार्षिक अधिवेशन

**अल्मोड़ा।** मिनिस्टीरियल एसोसिएशन सिंचाई विभाग की अल्मोड़ा शाखा का शुक्रवार को द्विवार्षिक अधिवेशन हुआ। इस दौरान संगठन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ललित जोशी को संगठन का जिलाध्यक्ष और ललित मोहन भट्ट को जिला सचिव चुना गया। कैनाल कालोनी स्थित खंड कार्यालय में आयोजित अधिवेशन में कर्मचारियों ने तमाम समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान कर्मचारियों से समस्याओं के निदान को लेकर शासन प्रशासन से मांग उठाई। कहा कि लंबे समय से कर्मचारी अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे है, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष और सचिव के अलावा उपाध्यक्ष पद पर अंकित पंत, कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ तिवारी को मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती और एकजुट को होकर समस्याओं के निदान शपथ ली। इस मौके पर यहां प्रांतीय महामंत्री बिशन गिरी, सलाहकार मनीष जोशी, कमल मौजूद रहे।

### महिला के खाते से उड़ाए 1.20 लाख रूपये

**काशीपुर।** साइबर क्राइम के चलते एक महिला से एक लाख बीस हजार रूपये की ठगी हो गई। कुण्डेश्वरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोहरी वकील निवासी भागवन्ती पत्नी झल्लू सिंह ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उनके पंजाब नेशनल के खाते से विगत 9 अप्रैल पहले 1 रूपया कटा उसके बाद 11 अप्रैल को 9,999 रूपये फिर 50,000 रूपये इसके बाद 40,000, और फिर 10,141 तथा इसके बाद 9,999 रूपये कट गये। जबकि उन्होंने खाते पर एटीएम भी नहीं ले रखा है ना ही किसी को कोई ओटीपी बताया है ना ही कोई ऑनलाइन खरीददारी की है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला सहित दो पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने एक महिला व एक व्यक्ति के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सरवरखेड़ा की ताज कालोनी निवासी ज्योति एवं वहीं के निवासी सफदर पुत्र बब्बन के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा शैलेन्द्र कुमार सैनी उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड जसपुर ने दर्ज कराया है।

### पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**काशीपुर।** एक महिला ने दूसरे समुदाय के एक युवक पर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना आईटीआई अंतर्गत ग्राम गिन्नीखेड़ा निवासी एक महिला ने पैगा पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री विगत 6 मई को दोपहर 2 बजे घर से गायब है। इधर-उधर ढूंढने पर जानकारी मिली की आलम पुत्र मोबीन निवासी बांसखेड़ा उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है।

# रेडक्रॉस दिवस पर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा के अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में रैडक्रॉस दिवस एवं जागृति योजना के अंतर्गत सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की सचिव अनामिका सिंह ने छात्र-छात्राओं को रैडक्रास सोसाइटी के महत्व, पॉक्सो अधिनियम 2012, यौन उत्पीड़न, लैंगिक अपराध, बाल श्रम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बच्चों के कानूनी अधिकार एवं निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 तथा पॉश अधिनियम 2013 एवं हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 175 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। यहां सोसाइटी के अल्मोड़ा अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संस्था द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डा. जेसी दुर्गापाल, प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह बिष्ट सहित अन्य मौजूद रहे।

# बेटियों की उपलब्धि पर मंत्री ने जताई खुशी

## हुकुम सिंह बोरा राजकीय महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में रेखा आर्या ने की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में आयोजित वार्षिकोत्सव 2025-26 समारोह में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं की सूची में छात्राओं की बड़ी संख्या




देखकर खुशी होती है। यह शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों की निरंतर प्रगति का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं तथा प्रदेश सरकार भी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि छात्र जीवन में केवल विषयों का अध्ययन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक अनुशासन, समर्पण, परिश्रमशीलता और देशभक्ति जैसे गुणों का विकास भी युवाओं में होना जरूरी है। रेखा आर्या ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विकास एवं प्रगति के लिए निरंतर प्रयास किए हैं और जो लक्ष्य अभी अधूरे हैं, उन्हें पूरा करने के लिए आगे भी तत्परता से कार्य किया जाएगा। यहां प्राचार्य प्रो. एके जोशी, जिला पंचायत सदस्य संतोष कुमार, कुंदन भंडारी, भुवन जोशी, खड़क सिंह नेगी, शंकर बिष्ट, कमल गिरी, धीरज जोशी, सुरेश बोरा, हरीश कुमार, प्रो. कमला धौलाखंडी, डा. सीपी वर्मा, डा. कंचन वर्मा, डा. राकेश पांडे, डा. भावना, नीरज पांडे, छात्रसंघ अध्यक्ष सलोनी भंडारी अन्य मौजूद रहे।

### आग लगने से झोपड़ी खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** शॉटसर्किट के कारण एक झोपड़ी में अचानक लगी आग से एक लाख की नगदी व घरेलू सामान जल कर राख हो गया। आईटीआई थाना क्षेत्र के श्यामपुरम स्थित शंकर कॉलोनी निवासी रेशम देवी पत्नी रामदास की झोपड़ी में आज शॉटसर्किट होने से अचानक आग लग गई, और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखे करीब एक लाख रुपए नगद एवं घरेलू सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा राजस्व के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आग में हुए नुकसान का आंकलन किया। पीड़ित के अनुसार उसने यह रूपये मकान बनाने के लिए एकत्र किये थे।

### नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन काशीपुर द्वारा बार भवन में स्वागत समारोह




आयोजित किया गया, जिसमें नवनियुक्त न्यायाधीशों प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गीता चौहान, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विशेष न्यायाधीश एनआई एक्ट शचि शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार तथा प्रथम अपर सिविल जज चेतन गौतम का स्वागत किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि न्याय के लिए बार और बेंच में आपसी समन्वय होना नितांत आवश्यक है। संचालन कर रहे बार एसोसिएशन के सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त न्यायाधिकारीगण अपने न्यायिक कार्यों से न्याय की नई परिभाषा लिखेंगे। इस मौके पर विधु शेखर शर्मा, अंकित चौधरी, बीसी नौटियाल, गौरव मेहरोत्रा, राकेश प्रजापति, प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह प्रीति शर्मा मौजूद रहे।

# पोखरी धाम में बह रही श्रीमद भागवत कथा की अमृतधारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर (कपकोट)।** पोखरी स्थित श्री श्री 1008 गुरु गोरखनाथ, आदि शक्ति भगवती माता एवं बाण देवता के पावन धाम में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। कथा श्रवण के लिए क्षेत्र सहित दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वेद व्यास स्वरूप रामानंद वैष्णव आश्रम पिथौरागढ़ के महंत श्री श्री 108 रमेश दास महाराज कथा वाचन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। कथा के दौरान उन्होंने ईश्वर के विभिन्न स्वरूपों एवं सृष्टि की रचना का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तों के हृदय में निवास करते हैं और उन्हें प्राप्त करने के लिए सच्ची भक्ति आवश्यक है। भागवत कथा का आयोजन मंदिर समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 6 मई से हुआ, जबकि समापन 12 मई को हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी की जा रही है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष कैप्टन दरबान सिंह गढ़िया ने क्षेत्रवासियों से अनुष्ठान को भव्य एवं दिव्य बनाने में सहयोग की अपील की। कथा स्थल पर श्रद्धालु भक्तिमय भजनों का आनंद भी ले रहे हैं। प्रदेश शासन में दर्जा प्राप्त मंत्री भूपेश उपाध्याय ने भी कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुजारी कुंदन गढ़िया, संयोजक नवीन गढ़िया, आचार्य पूरन चंद्र जोशी, हरि दत्त जोशी, भुवन गढ़िया, सूबेदार आनंद जोशी एवं पंडित ललित जोशी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। इधर बाबा बागनाथ मंदिर में शिव महापुराण जारी है। मंदिर में आए दिन हजारों श्रद्धालु कथा सुनने को पहुंच रहे है। नियत कथा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोन हो रहा है।

# पार्षदों ने मेयर को सौंपा पत्र

## बोर्ड बैठक में अस्थायीष्ठष्ठ एवं आउटसोर्स कर्मियों के वेतनमान संबंधी प्रस्ताव शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम के पार्षदों ने महापौर गजराज बिष्ट से आगामी बोर्ड बैठक में अस्थाई एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतनमान से संबंधित प्रस्ताव शामिल किए जाने की मांग की है।

इस संबंध में पार्षदों की ओर से रोहित कुमार के नेतृत्व में महापौर को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कार्यालय नई दिल्ली द्वारा अधिसूचना एसओ 190 (ई) के अंतर्गत कामगारों के मूल्य सूचकांक के आधार पर दरों में संशोधन किया गया है। पार्षदों ने अधिसूचना की प्रति भी पत्र के साथ संलग्न की है। पार्षदों ने मांग की है कि नगर निगम



हल्द्वानी-काठगोदाम में कार्यरत सभी अस्थाई एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में संशोधित दरें लागू की जाएं।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद उत्तरकाशी और नगर निगम देहरादून की तर्ज पर नई वेतन दरों को लागू कर कर्मचारियों को राहत दी जानी चाहिए। प्रार्थना पत्र सौंपने वालों में साथ में पार्षद रोहित कुमार, हेमंत शर्मा मोना, रईस अहमद, सलीम सैफी, ध्रुव कश्यप, सलमान सिद्दीकी, नदीम सैफी, समीर, पूर्व पार्षद महेश चंद्र, विनोद कुमार रहे।

### तीन प्रॉपर्टी डीलरों पर फर्जी रजिस्ट्री कराकर लाखों रुपए हड़पने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने तीन प्रॉपर्टी डीलरों पर फर्जी रजिस्ट्री कराकर लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चन्द्र नगर मुरादाबाद निवासी दिनेश कुमार पंकज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने शाहगंज काशीपुर में 100 वर्ग गज का प्लॉट यूके कालोनाइजर एवं डेवलपर्स काशीपुर के मालिकों शाकिर अली पुत्र साबिर अली, अहसान अली पुत्र मौ. अली एवं निजामुद्दीन निवासीगण काशीपुर से मुरादाबाद निवासी विनय गैब्रियाल के माध्यम से प्लॉट लिया था, जिसकी रजिस्ट्री 24 मार्च 2018 को तीन लाख साठ हजार रूपये देकर कराई, जिसमें उक्त लोगों द्वारा धोखाधड़ी कर फर्जी रजिस्ट्री कर दी। क्योंकि जमीन आज भी उसी की है जिसका दाखिल खारिज आज तक नहीं हो पाया है। जबकि दाखिल खारिज कराने हेतु वकील को दो-दो बार फीस अदायगी की गयी है। इनसे दाखिल खारिज व कब्जा दिलाने के बारे में पूछने पर इन्होंने फोन उठाना बन्द कर दिया है और यह कार्यालय बन्द करके कहीं ओर चले गये हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक युवक पर मारपीट का आरोप

**काशीपुर।** ईदगाह कालोनी निवासी शबाना पुत्री मुहम्मद हनीफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 मई की रात में लगभग 8.30 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी थी तभी अचानक अरुण कुमार पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी खरखेड़ा पांडे घर आया और उसके साथ गाली गलौच करते हुए बुरी तरह से मारपीट की, जिससे उसके चेहरे पर तथ अन्दूरी चोटें आई हैं। कहा कि जाते-जाते अरुण जान से मरने धमकी दे भी दे गया।

# भाजपा: मुखानी मंडल की बैठक में 2027 के चुनाव की रणनीति पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार मुखानी मंडल की मासिक बैठक का आयोजन रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, जनसंपर्क अभियान को तेज करने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही



चुनावी सफलता की कुंजी है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर मुखानी मंडल अध्यक्ष दीपू नेगी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गंगा साह, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, राज्य मंत्री दीपक मेहरा, शेखर जोशी, शीला लोसाली, भावना गुप्ता, अमिता नेगी, राजेश पंत, सपना मगवाना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चंपावत में नाबालिग के साथ हुई दरिंदगी और आरोपियों को कथित राजनीतिक संरक्षण दिए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए महाराणा प्रताप चौक पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया तथा दोषियों को फांसी देने की मांग उठाई। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर



कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि चंपावत की घटना ने देवभूमि उत्तराखंड की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने के बजाय उन्हें संरक्षण देने का कार्य कर रही है। जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सारिम सैफी, महानगर अध्यक्ष अलका पाल, मुशर्रफ हुसैन, राजू छीना, मोहम्मद आरिफ सैफी, इन्दुमान, हैदर अली, मंसूर अली, मोहम्मद हनीफ गुड्डू, लवदीप सिंह, अनीस अंसारी, तौकीर अंसारी, वसीम रजा, कुलदीप सिंह, शाह आलम, रांझना गुप्ता, साहिल रजा, ललित मोहन, रियासत सैफी, फैजान अंसारी सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को डीएम सख्त

## पार्किंग निर्माण व नो व्हीकल डे लागू करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण और यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिक. ारी ने लोक निर्माण विभाग को सरयू पुल और झूला पुल के समीप र्स्फेस पार्किंग विकसित करने के लिए सर्वे कर चार दिन के भीतर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं आरे बाईपास के निकट पार्किंग निर्माण को



लेकर ग्रामीण निर्माण विभाग को सर्वे कर एस्टीमेट तैयार करने तथा डिग्री कालेज तिराहे पर पार्किंग निर्माण हेतु सिंचाई विभाग को आवश्यक एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जजी रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने नगर क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा नो व्हीकल डे को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठक आयोजित कर सुझाव लेने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने और बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को सीज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही नगर पालिका को वर्तमान पार्किंग स्थलों को अधिक उपयोगी एवं व्यवस्थित बनाने तथा उपलब्ध पार्किंग स्थलों का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सैंपलिंग प्ले स्कूल में मदर्स डे की धूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया स्थित सैंपलिंग प्ले स्कूल में मदर्स डे का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान



बच्चों ने अपने हाथों से आर्ट एवं क्राफ्ट के माध्यम से सुंदर फोटो फ्रेम तैयार कर अपनी माताओं को भेंट किए। बच्चों की इस भावनात्मक प्रस्तुति ने उपस्थित माताओं को भावुक कर दिया। वहीं माताओं ने भी बच्चों के साथ केक काटकर इस खास दिन को यादगार बनाया। विद्यालय के संरक्षक दिनेश बिष्ट ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पारिवारिक संस्कार, आपसी सम्मान और त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की सीख भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में चंद्रिका बिष्ट, पूजा रौतेला, कोमल बोरा, गरिमा पाल, कमला नेगी, ममता बिष्ट, पूजा जोशी, लता कांडपाल, कविता बोरा, कविता रावत, गंगा बोरा, शीतल गोस्वामी, हिमानी जोशी, भारती धामी, अनीता दसौनी, मंजू देवी सहित कई अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों पर शिकंजा

## प्रशासन और परिवहन विभाग के निरीक्षण में मिलीं अनियमितताएं, 3 बंद कराए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर क्षेत्र में संचालित मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का प्रशासन और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। शुक्रवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी विवेक राय और सम्भागीय परिवहन अधिकारी गुरूदेव सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने देवभूमि मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, जय दुर्गा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, निर्मल मोटर ट्रेनिंग स्कूल तथा कुमाऊं मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग का औचक निरीक्षण किया।

### देवभूमि मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग, जय दुर्गा मोटर व निर्मल मोटर ट्रेनिंग स्कूल को नोटिस जारी



जांच में पाया गया कि कुछ संस्थानों में पर्याप्त संसाधन, पार्किंग व्यवस्था और आवश्यक उपकरणों का अभाव होने के बावजूद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे थे। एडीएम विवेक राय ने बताया कि देवभूमि मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल और जय दुर्गा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं निर्मल मोटर ट्रेनिंग स्कूल का पंजीकरण रामनगर में होने के बावजूद उसका संचालन हल्द्वानी के आरटीओ रोड पर भी किया जा रहा था। मामले को गंभीर मानते हुए विभागीय कार्रवाई के तहत उक्त प्रशिक्षण केंद्र को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जब तक संबंधित संस्थान पर्याप्त संसाधन, पार्किंग व्यवस्था और आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था नहीं कर लेते, तब तक उनका संचालन बंद रहेगा। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि देवभूमि और जय दुर्गा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों के ऑनलाइन पोर्टल संचालित नहीं पाए गए। इसके अलावा एक व्यक्ति द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर फीस जमा कराने की शिकायत पर जांच की गई, जिसमें संबंधित संस्थान का लाइसेंस निरस्त पाया गया। शिकायतकर्ता से लिए गए 1100 रुपये भी वापस कराए गए। हालांकि कुमाऊं मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। एडीएम ने आमजन से अपील की कि परिवहन विभाग से संबंधित सभी कार्य सीधे आरटीओ कार्यालय के माध्यम से ही कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी और अनियमितता से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान हल्द्वानी एसडीएम प्रमोद कुमार, एआरटीओ एके सिंह, तहसीलदार कुलदीप पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अस्पताल में भर्ती शुभम की मौत, 'संकल्प' पर शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 17 वर्षीय किशोर की उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर पिछले कई दिनों से सुशीला तिवारी चिकित्सालय के वेंटिलेटर पर भर्ती था। परिजनों ने केंद्र प्रबंधन पर लापरवाही और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले में पहले ही मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुखानी निवासी जया ने अपने बेटे शुभम को नशे की लत छुड़ाने के उद्देश्य से 21 फरवरी को लामाचौड़ स्थित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। परिवार का आरोप है कि बीते 21 अप्रैल में मुलाकात के दौरान किशोर सामान्य हालत में दिखाई दिया, लेकिन 24 अप्रैल को सब कुछ बिगड़ गया। केंद्र प्रबंधन की ओर से फोन कर बताया गया कि शुभम की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### परिजन की तहरीर पर मुखानी पुलिस पहले ही दर्ज कर चुकी है मामले में केस

अस्पताल पहुंचने पर परिजनों को केंद्र का कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। चिकित्सकीय जांच में किशोर के लीवर और किडनी पर गंभीर असर सामने आया। हालत नाजुक होने के कारण उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया, जहां बीते गुरुवार रात शुभम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि केंद्र में किशोर के साथ मारपीट की गई और समय पर उचित देखभाल नहीं दी गई। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त जांच की। जांच में सामने आया कि संबंधित नशा मुक्ति केंद्र बिना वैध पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। साथ ही किशोर की निगरानी और उपचार में भी गंभीर लापरवाही पाई गई। इस मामले को गंभीरता से देखते हुए पुलिस ने केंद्र संचालिका आयुषी कपिल के खिलाफ मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम-2017 की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले में पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूलों के आसपास कड़ी निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर समेत पूरे नैनीताल जिले में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने स्कूलों के आसपास निगरानी बढ़ा दी है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों, यातायात पुलिस, सीपीयू और चौकी प्रभारियों को विद्यालयों के आसपास नियमित पुलिस उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस को विशेष रूप से स्कूल खुलने और छुट्टी के समय गश्त बढ़ाने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए कहा गया है, ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित माहौल में स्कूल आ-जा सकें और अभिभावकों में भी सुरक्षा को लेकर भरोसा बना रहे। शुक्रवार को यातायात निरीक्षक भूपेश पांडे, महिला एसआई आरती सहित सीपीयू की टीम द्वारा विभिन्न विद्यालयों के बाहर छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मविश्वास और पुलिस सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्रता या संदिग्ध गति. विधि सामने आती है, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें और डायल 112 पर संपर्क करें। छात्राओं को यह भी समझाया गया कि किसी भी परिस्थिति में भयभीत होने के बजाय तुरंत मदद मांगना जरूरी है। पुलिस टीम ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि नैनीताल पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है और किसी भी समस्या की स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस से सहायता ले सकती हैं।



# एसटीएच में कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति जल्द

### चिकित्सा शिक्षा मंत्री उनियाल ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबा. ध उनियाल ने शुक्रवार को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी, आपातक. ालीन विभाग, आईसीयू, रेडियोलॉजी विभाग तथा नवनिर्मित कैथ लैब का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेडिसिन आईसीयू, वार्ड सी और रेडियोलॉजी विभाग की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बात. चीत कर उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों के व्यवहार और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी तरह की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने तथा मरीजों को सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उपचार प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाए। वही आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा करते हुए गंभीर मरीजों के उपचार में तत्परता बरतने और चिकित्सा उपकरणों को सुचारू रूप से संचा. लित रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित कैथ लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कैथ लैब को जल्द सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सरकार कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति के प्रयास कर रही है। जल्द ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होने पर हृदय रोगियों को आधुनिक उपचार सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश पंत, चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी, डा. केसी पांडे, डा. सुभाष चंद्र जोशी, जीबी माल टी मैथ्यू, परितोष पंत, आलोक उप्रेती, चंद्रशेखर गुरूरानी, पंकज बोरा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




# गोल्ज्यू यात्रा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपनी धरोहर संस्था के तत्वावधान में आयोजित श्री गोलू देवता की पावन यात्रा शुक्रवार को 21वें दिवस वार्ड 43 स्थित ओंकार सिटी के श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के मंदिर परिसर में पहुंचते ही पूरा क्षेत्र जयकारों, शंख-घंटानाद और ढोल-दमाऊ की गूंज से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस बीच मेयर गजराज सिंह भी मंदिर परिसर पहुंचे, जहां कॉलोनी वासियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंदिर दर्शन के बाद मेयर ने वार्ड की जन समस्याएं सुनी और क्षेत्र के विकास को लेकर सुझाव भी साझा किए। मंदिर में पुजारी पूरन लोहानी और नवीन जोशी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कराई। वहीं महिलाओं ने पत्र-पुष्प अर्पित कर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान गोल्ज्यू देवता से सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद सुबह 10 बजे यात्रा ओंकार सिटी से काठगोदाम बिनायक के लिए रवाना हो गई। कार्यक्रम में साथी संगठन की ओंकार सिटी इकाई के आह्वान पर हल्द्वानी के विभिन्न वार्डों से आए पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी सहभागिता की। लीलाधर पांडेय, आनंद सिंह भाकुनी, आरएस बोरा, जगदीश पतोला, लक्ष्मण गोनिया और जगदीश खोलिया सहित कई लोगों ने लोक संस्कृति से जुड़े आयोजनों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। यात्रा के स्वागत में विजय तिवारी, रमेश पुरो. हत, हरीश बिष्ट, मोहन बिष्ट, पीसी शर्मा, बीडी जोशी, महेंद्र कोश्यारी, कुंदन अधिकारी, दिनेश तिवारी, सतीश तिवारी, पान सिंह बोरा रहे।

# 52 पव्वों के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक शराब तस्कर को 52 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस बीते गुरूवार की रात कालाढूंगी रोड पर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी। इसी बीच एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास 52 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पकड़े गए शरब तस्कर ने अपना नाम मनोज बसौला निवासी जीआईसी के पास कुसुमखेड़ा मुखानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# रक्तदान शिविर कल, जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में संत निरंकारी मिशन की ओर से 10 मई को हल्दूचौड़ में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को लेकर शुक्रवार को मिशन के सेवादारों और युवाओं ने क्षेत्र में




जागरूकता रैली निकालकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रैली पंचायत घर शिव मंदिर गौला रोड से शुरू होकर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए निरंकारी सत्संग भवन गोपीपुरम में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में निरंकारी सेवादार, युवा भाई-बहन और सत्संग सदस्य शामिल रहे। हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर उन्होंने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। मुखी प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि खून की एक बूंद कई जिंदगियां बचा सकती है, इसी संदेश के साथ लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रताप सिंह बिष्ट ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएं।

# घर के आंगन से चोरी हुई बाइक, केस दर्ज

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित जीतपुर नेगी क्षेत्र में एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चोर के खिलाफ खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड स्थित जीतपुर नेगी निवासी संदीप पोखरियाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 18 अप्रैल को उनकी उनकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी, जो अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली। उन्होंने बताया घटना के बाद आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि यह बाइक उन्हें गुजरात में रहने वाले उनके एक मित्र ने दी थी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी।

# ओवर स्पीडिंग करने पर 20 चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस ने ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में इंटरसेप्टर वाहन में लगे स्पीड राडार गन की मदद से नियमों का उल्लंघन करने वाले 54 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। शुक्रवार को अभियान के तहत रामपुर रोड, कालाढूंगी रोड और चोरगलिया रोड पर विशेष चेकिंग की गई। यातायात निरीक्षक भूपेश पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की गति की जांच की। जांच के दौरान 20 वाहन चालक निर्धारित सीमा से अधिक गति में वाहन चलाते पाए गए। इनमें 19 वाहन 60 किलोमीटर प्रति घंटा की तय सीमा से ऊपर दौड़ते मिले, जबकि एक वाहन की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा दर्ज की गई। पुलिस ने सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। यातायात पुलिस का कहना है कि सड़क हादसों को कम करने और लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।




# घटिया राजनीतिक षड्यंत्र रचना बंद करे कांग्रेस: विनोद तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद चंद्र तिवारी ने कांग्रेस पर राजनीतिक षड्यंत्र रचने और भाजपा की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लगातार जनता से नकारे जाने के बाद कांग्रेस राजनीतिक हताशा में इस तरह की साजिशों में जुटी हुई है। शुक्रवार को जारी बयान में विनोद तिवारी ने कहा कि चम्पावत की हालिया घटना इसका शर्मनाक उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस की शुरुआती जांच में साफ हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को झूठे और फर्जी मामले में फंसाने का प्रयास किया गया। आरोप लगाया कि कांग्रेस और विशेषकर उनके प्रदेश अध्यक्ष ने बिना किसी जांच और ठोस तथ्यों के भाजपा कार्यकर्ता और पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2026 के शुरुआती चार महीनों में यह तीसरा मामला है, जिसमें कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार और संगठन की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। जनवरी में कांग्रेस नेता तिलक राज बेहड़ के बेटे पर हुए हमले के मामले में भी भाजपा सरकार पर आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा विधायक अरविंद पांडे के कथित वायरल पत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने उस आधार पर पत्रकार वार्ता की, जबकि बाद में स्वयं विधायक ने पत्र को फर्जी बताया। इसके बावजूद कांग्रेस नेता सोशल मीडिया पर भ्रामक जानक. ारी फैलाने से बाज नहीं आ रहे है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है।

# यूओयू ने इग्नू से हाथ मिलाया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उच्च शिक्षा, शोध और अकादमिक सहयोग को नई दिशा देने की पहल के तहत शुक्रवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के बीच नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय में महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के दौरान इग्नू की ओर से कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल और कुलसचिव प्रो. जितेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे। वहीं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, प्रो. जितेंद्र पांडेय, प्रो. आशुतोष भट्ट और प्रो. राकेश चंद्र रयाल ने सहभागिता की। एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय शैक्षिक गतिविधियों, शोध कार्यों, फैकल्टी एक्सचेंज, अकादमिक संसाधनों के आदान-प्रदान और दूरस्थ शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। यूओयू कुलपति प्रो. नवीन लो. हनी ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार नवाचार, शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रहा है। इग्नू जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान के साथ यह समझौता शैक्षिक गतिविधियों को नई गति देगा। इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने कहा कि दोनों संस्थानों के बीच यह सहयोग दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित करेगा और विद्यार्थियों को व्यापक शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराएगा।

# सिडकुल के दिव्यांग श्रमिकों के लिए सुबह चलेगी रोडवेज बस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों और दिव्यांग कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से परिवहन समस्या से जूझ रहे कर्मचारियों की मांग पर अब हल्द्वानी से सुबह 4.45 बजे विशेष रोडवेज बस सेवा संचालित की जाएगी। यह सुविधा विनोद जोशी और उनके प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों के बाद शुरू की गई है। बताया गया कि रुद्रपुर की सिडकुल फैक्ट्रियों में सुबह 6 बजे पहली पाली शुरू होती है, लेकिन हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों से जाने वाले श्रमिकों को समय पर पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए विनोद जोशी ने रोडवेज की मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी को ज्ञापन सौंपकर बस सेवा शुरू करने की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फोन और लिखित आदेश के माध्यम से विशेष बस सेवा संचालित करने के निर्देश जारी कर दिए। रोडवेज के इस फैसले से श्रमिकों और दिव्यांग कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। इस पहल को सफल बनाने में राजेश पांडे, मधुसूदन मिश्रा, ग्राम प्रधान मदन जोशी और बिपिन बहुगुणा का भी विशेष सहयोग रहा।



# पेड़ से टकराई स्कूटी

**हल्द्वानी।** गुरूवार की रात रामपुर रोड क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डायल 112 पर सूचना मिली थी कि बेलबाबा मंदिर के पास पेट्रोल पंप के सामने एक स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में स्कूटी चला रहा 22 वर्षीय संदीप निवासी रानीखेत गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि युवक रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रहा था, तभी रास्ते में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना की सूचना देने वाले व्यक्ति ने मानवता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया।

# महिला कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

## महिलाओं की सुरक्षा, आरक्षण और महंगाई के मुद्दों पर सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और बढ़ती महंगाई के मुद्दों को लेकर शुक्रवार को महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी के नेतृत्व में दर्जनों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में एकत्र हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद महिला कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें महिला सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन वास्तविकता में महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद अब तक 33 प्रतिशत आरक्षण को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता, छोटे व्यापारियों, होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की कमर तोड़ दी है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। महिला कांग्रेस ने बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दाम तुरंत वापस लेने की मांग की। चंपावत की घटना का उल्लेख करते हुए मधु सांगुड़ी ने इसे बेहद शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि जब किसी नाबालिग बच्ची के साथ अपराध होता है और उसमें कथित रूप से सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों के नाम सामने आते हैं, तो यह कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुतला दहन करने वालो में पार्षद भागीरथी बिष्ट, मुन्नी जोशी, सविता गुरुरानी, कनक जीना, मुन्नी पंत, लता पांडे, गीता बहुगुणा, मीनाक्षी नयाल, शांति मेहता, पुष्पा कोरंगा, किरण मेहरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अविरल गुप्ता अध्यक्ष, साजिद बने मंत्री

## रामनगर डिपो में सर्वसम्मति से चुनी गई नई कार्यकारिणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामनगर।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन रामनगर डिपो के चुनाव शुक्रवार को बस स्टेशन के नवनिर्मित भवन में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी मुकेश शर्मा, हरजिंदर सिंह और उमेश चौधरी की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न कराई गई। चुनाव में अविरल गुप्ता को अध्यक्ष, मोहम्मद हारून और रंजीत सिंह को उपाध्यक्ष, मोहम्मद साजिद अली को शाखा मंत्री, धनीराम को संगठन मंत्री तथा महेंद्र लाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा गुरमीत सिंह को कार्यालय सचिव, राजीव पांडे को मीडिया प्रभारी, अमित कुमार और धीरज गुप्ता को क्षेत्रीय प्रतिनिधि तथा सतनाम सिंह और कपिल देव चौहान को प्रांतीय प्रतिनिधि बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अब्दुल कादिर, अफजल हुसैन, हेमचंद आर्या, भुवन चंद बेलवाल, भूपेंद्र बिष्ट, धीरज टम्टा, कृष्णा गिरी, कुबेर नेगी, मोहम्मद असरफ और संजय नेगी को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अविरल गुप्ता और शाखा मंत्री मोहम्मद साजिद अली ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूनियन सदस्यों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन दिलाने, पहाड़ी क्षेत्रों के बंद मार्गों पर रोडवेज संचालन दोबारा शुरू कराने और नए बस बेड़े की व्यवस्था कराने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट, हरीश रावत और भुवन भट्ट सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फांसी पर लटका मिला किशोर

■ पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मौसी के घर पर पिछले कई वर्षों से रह रहे एक किशोर को यहां शिवनगर में माता पिता के घर आने के बाद गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने किशोर को फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परि. जनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक प्रिंस घर का इकलौता चिराग था।

जानकारी के अनुसार शिवनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस पिछले कई वर्षों से पलिया पीलीभीत निवासी अपनी मौसी के पास रहता था और वह कक्षा 9 में पढ़ाई कर रहा था। बताया जाता है कि प्रिंस बुधवार को अपने माता पिता के पास शिवनगर आया था। उसकी माता गुरुवार को प्रात: सिडकुल की कम्पनी में ड्यूटी के लिए चली गई और पिता भी बगवाड़ा मंडी के पास काम के लिए चले गए। दोपहर जब पिता सुबोध विश्वकर्मा ने पुत्र प्रिंस को फोन किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। कई बार फोन करने के बाद भी फोन पर बात नहीं हुई। शाम को जब सुबोध काम करने के बाद घर वापस लौटे तो प्रिंस का कमरा अन्दर से बंद मिला।

काफी आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो उसने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा। भीतर जाकर देख तो प्रिंस कमरे में फांसी पर लटका हुआ था। शोर की आवाज सुनकर वहां कई लोग आ पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रिंस को फांसी से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पूर्व प्रबंध समिति के 13 पदाधिकारियों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड देहरादून के मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरधारी सिंह रावत द्वारा वक्फ संख्या 137-138 जामा मस्जिद एवं मदरसा रहमानियां के पूर्व प्रबंध समिति के तेरह सदस्यों को नोटिस जारी कर 16 अप्रैल 2026 को देहरादून तलब किया है। 28 अप्रैल को जारी नोटिस में शिकायतकर्ता काशीपुर निवासी मोहम्मद मोहसिन द्वारा वक्फ संख्या 137-138 जामा मस्जिद एवं मदरसा रहमानियां की तत्कालीन प्रबंध समिति पर वक्फ संपत्ति को हानि पहुंचाने एवं वक्फ आय को खुर्द बुर्द करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई थी। उप जिला अधिकारी खटीमा द्वारा की गई इस मामले की जांच में आरोपों की पुष्टि हुई थी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी रावत द्वारा भेजे गए नोटिस में तत्कालीन प्रबंध समिति के विरुद्ध शिकायतों की जांच आख्या उप जिलाधिकारी खटीमा द्वारा दिनांक 12-6-2020 को प्रस्तुत की थी। जांच रिपोर्ट में पूर्व प्रबंध समिति द्वारा बिना वक्फ बोर्ड की पूर्वानुमति के नियम विरुद्ध तरीके से वक्फ संपत्ति दुकानों का हस्तांतरण, आवंटन किया गया था। जांच रिपोर्ट में दुकानों के आवंटन में फर्जीवाड़ा एवं संदिग्ध निविदा प्रक्रिया अपनी गई थी। वक्फ बोर्ड ने माना कि प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का कार्य न केवल अपारदर्शी है बल्कि वह वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 52- क के तहत सजा के भी पात्र हैं। अनियमितताओं की पुष्टि के आधार पर वक्फ बोर्ड ने 28 अगस्त 2023 को इस प्रबंध समिति को भंग कर यहां के सुचारू कामक. ाज के लिए प्रशासक की नियुक्ति कर दी।

जांच अधिकारी की जांच रिपोर्ट के बाद अब कानूनी शिकंजा कसने लगा है। जिसके तहत पूर्व प्रबंध समिति के तेरह पदाधिकारी को 16 मई को देहरादून स्थित उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर दिया गया है। वक्फ संख्या 137 एवं 138 जामा मस्जिद एवं मदरसा रहमानियां के प्रशासक को भी मूल दस्तावेजों के साथ इसी दिन उपस्थित होने बाबत नोटिस शामिल हुआ है।

## एक नजर

### युवक पर फायरिंग मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नामजद तहरीर में आरोपियों पर दो राउण्ड फायरिंग करने का लगाया आरोप

**नानकमत्ता।** पुलिस ने युवक पर की गयी फायरिंग मामले में चार लोगों के विरुद्ध तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टुकड़ी निवासी गुरमेज सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की 7 मई 2026 की दोपहर में उसका भाई सुबेग सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह जोकि पहाडी चौराहा टुकडी में खड़ा था कि वहां ग्राम विचुवा निवासी गिन्दर सिंह पुत्र जसपाल सिंह, अमनदीप सिंह उर्फ घम्मू पुत्र सतपाल सिंह, मंजीत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह, बिन्दर सिंह पुत्र चिम्मन सिंह निवासी ग्राम विचुवा आ गये जिनके द्वारा गाली गलौच करते हुए मेरे भाई के साथ लाठी डण्डों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकियां देते हुए उक्त गिन्दर सिंह जोकि फौज से छुट्टी लेकर आया है. ने अपने साथी मंजीत सिंह के साथ मिलकर मेरे भाई पर नाजायज तमंचों से दो फायर कर दिये जिससे मेरा भाई बाल बाल बच गया, आरोपियो ने उसके भाई हत्या करने के इरादें से उस पर फायर किये है। पुलिस ने तहरीर ने आधार पर आरोपियो गिन्दर सिंह पुत्र जसपाल सिंह निवासी विचुवा, अमनदीप सिंह उर्फ घम्मू पुत्र सतपाल सिंह, विन्दर सिंह पुत्र चिम्मन सिंह, निवासी टुकडी के विरुद्ध बीएन एस की धारा 27, 109,115,351(2),352 के तहत मुक. दमा दर्ज किया है।

### आज होगा महाराणा प्रताप स्मारक निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आज 09 मई शनिवार प्रात: 10:00 बजे महुआडाबरा स्थित महाराणा प्रताप स्मृति द्वार के पास, नौबाहर सिंह के आम के बाग, सूर. जनगर रोड, महुआडाबरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर स्वर्गीय भागमल सिंह जी की पावन स्मृति में आयोजित "महाराणा प्रताप स्मारक" निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आदेश सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, दर्जा मंत्री बहन सीमा चौहान, संगठन जिला उपाध्यक्ष विनीत चौहान मनप्रीत लाडी जी, हरप्रीत सिंह जी, युवा मोर्चा प्रशीष बिश्नोई, नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार समेत दर्जनों भाजपा नेताओं/ सामाजिक कार्यकर्ताओं/ पदाधिकारियों मौजूद रहेंगे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महुआ डाबरा मंडल कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय जनता पार्टी के काशीपुर जिला अध्यक्ष मनोज पाल व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला प्रभारी लबीश अरोरा के निर्देशानुसार एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रिजवान हुसैन,मंडल अध्यक्ष मनप्रीत सिंह,मंडल प्रभारी संजीव कुमार की संस्तुति पर अल्पसंख्यक मोर्चा के महुआ डाबरा मंडल अध्यक्ष शरीफ खान ने कार्यकारणी का विस्तार किया है।

मीडिया से बातचीत में बताया कि अल्पसंख्यक मोर्चा के मुस्लिम अली,इलियास, शादाब को उपाध्यक्ष, संगठन महामंत्री के पद पर राहुल हसन,मोहसिन, शकील अहमद, नासिर अली,नफीस ठेकेदार संगठन मंत्री,अजीम अजहर मीडिया संयोजक,मेहर आलम सह मीडिया संयोजक,साफिन चौधरी आई टी संयोजक, कोषध्यक्ष पद पर आसमा चुने गए। बलबीर,शहंशाह,गुरनाम,इमरान,जाकिर,शमीम, गुलशेर आदि को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

### मजदूर संघ अध्यक्ष के विदाई समारोह में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** क्षेत्र की एकमात्र चीनी मिल नादेही में कार्यरत हेड फिटर व भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर कर्मचारियों के बुलावे पर भाजपा संगठन के यशस्वी जिलाअध्यक्ष मनोज पाल पहुंचे उन्होंने भी मजदूर संघ के अध्यक्ष/कर्मचारी प्रभुनाथ का फूल माला डालकर स्वागत किया। इसके पश्चात अपने संबोधन में चीनी मिल कर्मचारी और अधिकारियों को मेहनत, ईमानदारी से चीनी मिल में काम करने की बात कही इस अवसर पर कर्मचारियों ने वेतन कटौती को लेकर जिला अध्यक्ष के समक्ष बात रखी और वेतन कटौती से संबंधी एक ज्ञापन जिला अध्यक्ष को सौंपा जिला अध्यक्ष ने उक्त प्रकरण के संबंध में उच्च स्तर पर वार्ता करने की बात कही। इस अवसर पर चीनी मिल के चीफ केमिस्ट राजवीर सिंह चौधरी, केमिस्ट एवं सुरक्षा प्रभारी अतुल चौहान, डिप्टी चीफ इंजीनियर राजवीर सिंह,स्टेनो चंद्रशेखर, चंद्रशेखर सती, लक्ष्मण बिष्ट,मनोज गुप्ता, मनोज चौहान, राजेंद्र चौहान, रुस्तम अली समेत दर्जनों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को दी गई भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जानकारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में महाविद्यालय रेडक्रॉस समिति के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के लिए जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं मानवीय सेवा कार्यों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.एस. मौर्या ने की।कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के महाविद्यालय नोडल अधिकारी प्रो. जे.एस. नेगी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना, उद्देश्यों तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस सोसाइटी के पोर्टल पर पंजीकरण कर समाजस. ेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. शिप्रा पंत, प्राचार्य प्रो. एस.एस. मौर्या, डॉ. कृष्णा भारती, डॉ. डी.एन. जोशी और महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।

# सूदूर गांव बग्घा 54 में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ ग्रामीणों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**खटीमा।** सूदूर गांव बग्घा 54 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। जहां सीनियर डिवीजन जज ममता पंत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। शिविर की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रमेश लाल और प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से किया तथा संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया।

शिविर में ग्रामीण बच्चों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इसके उपरांत दवा वितरण किया गया। वहीं 80 मरीजों की खून जांच की गई। इस मौके पर सीनियर डिवीजन जज ममता पंत ने सभी पीएलवी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को सूचीबद्ध कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर को भेजें ताकि उन प्रपत्रों को संबंधित विभाग को भेज कर उनका निराकरण कराया जा सके। वहीं निशुल्क अधिवक्ता और मध्यक्षता के माध्यम से अपने वादों को निपटारा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। शिविर में डॉक्टर शैलजा पांडे ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ संदीप मिश्रा ने स्वास्थ्य जांच, सीएचओ किरन और खुशबू ने खून जांच तथा दवा वितरण किया। पैनल अधिवक्ता डॉ इलियास सिद्दीकी ने बाइक एक्ट, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, विमल कुमार ने नशे के दुष्परिणामों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर मीरा देवी, मानवती राणा, विपिन उपाध्याय, आरबी राणा, लाल सिंह, आशा रानी, पिंकी राणा, भगवती राणा, ठग्गो देवी, नीतू तथा मनोज कुमार सहित विद्यालय के अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिडकुल क्षेत्र में पावर हाऊस के पास मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल क्षेत्र में पावर हाऊस के पास शुक्रवार प्रात: अज्ञात व्यक्ति का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यक्ति को बाहर निक. ालकर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की परंतु उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास शुरू किया।

बताया जाता है कि आज शुक. ्रवार प्रात: सिडकुल क्षेत्र में काम पर जाते लोगों ने पावर हाऊस की दीवार के समीप एक व्यक्ति को बेसुध हालत में पड़ा देखा। यह खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी मच गई और वहां लोगों की भीड़ लगने लगी। मामले की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी भी आ गये और उन्होंने व्यक्ति को बाहर निकाल कर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की परंतु कोई भी उसे पहचान नहीं सका। जिसके बाद पुलिस ने उस व्यक्ति को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचाया और मामले की जानकारी आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को दी। मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है।

# कांग्रेस हताशा में रच रही साजिशें: कमल जिंदल



■ चम्पावत प्रकरण को बताया भाजपा की छवि खराब करने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कांग्रेस पर राजनी. तिक हताशा में षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चम्पावत में हुई हालिया घटना इसका जीता-जागता उदाहरण है।

जिंदल ने कहा कि पुलिस की शुरुआती जांच में साफ हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को झूठे और फर्जी मामले में फंसाने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी जांच और तथ्यों के कांग्रेस और उसके प्रदेश नेतृत्व ने भाजपा तथा कार्यकर्ता को बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के निर्देश पर जगह-जगह प्रदर्शन कराए गए और बेबुनियाद नैरेटिव फैलाया गया। इसका उद्देश्य मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र और भाजपा संगठन की छवि धूमिल करना था। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते चार महीनों में कांग्रेस ने कई बार भाजपा सरकार और संगठन की छवि खराब करने का प्रयास किया है।

उन्होंने जनवरी में हुए तिलक राज बेहड़ प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि उस मामले में भी भाजपा सरकार पर झूठे आरोप लगाए गए। वहीं विधायक अरविंद पांडे के नाम से वायरल हुए फर्जी पत्र को लेकर कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। जिंदल ने कहा कि कांग्रेस पहले भी राज्य की छवि खराब करने के लिए पावन धामों, अपराध और विकास से जुड़े मुद्दों पर भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करती रही है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका जवाब मिलेगा।

# बीएड के छात्रों का धूमधाम से मनाया गया विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** क्षेत्र के आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज के बीएड के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम बी. एड प्रथम वर्ष के छात्रों के सम्मान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रधानाचार्य शिक्षकों,व छात्रों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।इसके साथ ही साथ प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा बीएड अंतिम वर्ष के छात्रों को भी विदाई दी गयी।विदाई समारोह में डांस, स्पीच एवं गायन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा और जमकर तालियां भी बजायीं। निर्णायक मंडल ने मिस्टर फ्रेशर-अंकुर शर्मा,मिस फ्रेशर- प्रीति रावत को चुना,,जबकि मिस फेयरवेल सुमन शर्मा और मिस्टर फेयर वेल,निशांत बेलवाल को चुना गया।,,सबसे बड़ा पुरस्कार स्टूडेंट ऑफ द ईयर का प्रीति वर्मा को दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव इं विनय चौहान, प्राचार्या डा. भुवनेश कुमारी, विपिन कुमार, विवेक कुमार, मोहम्मद सलीम, विवेक वत्सल,सुभाष कुमार, आसमा, राजवीर ,सत्यम गुप्ता, प्रीति वर्मा, गीता, दीपक कुमार, रिंकी चौहान, मोहम्मद राशिद, पिंकी, जगत सिंह, अर्जुन सिंह आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# दोराहा रोड स्थित गेस्ट हाउस में पुलिस का छापा

■ नाबालिग समेत तीन युवतियां मिलीं, मैनेजर पर चालानी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दोराहा रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में दोराहा पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिग छात्रा सहित तीन युवतियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने सभी युवतियों से काफी देर तक पूछताछ करने के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, पकड़ी गई नाबालिग छात्रा बाजपुर के गर्ल्स कॉलेज की बताई जा रही है, जो स्कूल ड्रेस में गेस्ट हाउस पहुंची थी। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गेस्ट हाउस में छापा मारा। पुलिस ने गेस्ट हाउस के संचालक एवं मैनेजर से भी पूछताछ की। जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

घटना के बाद दोराहा क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में संचालित गेस्ट हाउसों की नियमित जांच कराने तथा संदिग्ध गति. विधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

# गोशाला निर्माण कार्य अंतिम चरण में

## गोवंश की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगी हल्दी गोशाला

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता अजय मौर्य ने बताया कि लगभग 5 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन गौशाला निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य पूरा कर इस माह के अंतिम सप्ताह तक इसके लोकार्पण की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार यह गौशाला प्रदेश की एक महत्वपूर्ण गौशाला होगी। इसके शुरू होने के बाद क्षेत्र आवारा पशुओं से मुक्त हो सकेगा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तर प्रदेश से लगी सीमा ग्राम हल्दी में 45 बीघा भूमि पर लगभग पांच करोड़ की लागत से राज्य की 1,000 पशुओं की क्षमता वाली गौशाला इस माह के अंतिम सप्ताह तक बनकर तैयार हो सकेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह तधामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार यह गौशाला खटीमा वन रेंज एवं शारदा पोषित नहर के समीप भव्य एवं सुरम्य स्थल पर स्थित है। मुख्य मार्ग से गौशाला तक के मार्ग का डामरीकरण कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

45 बीघा भूमि में 13 फीट ऊंची चार दिवारी के बीच तीनख्र तीन बीघा पर दो टिन बने हैं। इनमें 390, 390 जानवरों को बांधने के लिए खुटीदार खुर्लियां बनायी गयी हैं। गौशाला निर्माण कार्य को फाइनल टच दे रहे अवर सहायक अभियंता रोहित भट्ट बताते हैं कि दोनों टिन शेड़ों में बिना खूंटी के 1,000 पशु आसानी से रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि 75,000 वर्ग फीट का भूसा गोदाम है। जिसमें भूसा रखा जा चुका है। 3,000 वर्ग फीट में स्टाफ के रहने के लिए आवास बनाए गए हैं। प्रत्येक खुर्ली के साथ ही पीने के लिए पानी की हौजियां बनायी गई हैं। गौशाला के खाली कैंपस में भव्य बागवानी हरे-भरे पेड़ लगाए जाएंगे ताकि जानवर खुले में भी बैठ सकें। अस्वस्थ जानवरों के लिए एक टिन शेड़ और बनाया जा रहा है। गौशाला के आंत. रिक सीसी मार्गों का निर्माण कार्य चल रहा है। फिलहाल गौशाला निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

# दुकानदारों ने सीएम का आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पिछले काफी दिनों से क्षेत्रीय नागरिकों की मांग को दृष्टिगत साप्ताहिक बाजार लगवाने को लेकर सीएम द्वारा डीएम को परीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश पर सब्जी फड़ियों एवं दुकानदारों ने सीएम का आभार जताया है। भाजपा नेता शीतल जोशी सब्जी मंडी पहुंचे। वहां पर मौजूद फड़ियों, दुकानदारों ने बताया कि यह एक सौ वर्ष पुराना बाजार है। उन्होंने शीतल जोशी का भी आभार जताकर स्वागत किया। शीतल जोशी ने बताया कि सीएम अपने स्तर से डीएम से परीक्षण रिपोर्ट मांग रहे है। अफसर मौके का परीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। यहां अजय कुमार, बब्बू, मनोज कुमार, धर्मवीर सिंह, संतोष, अशोक कुमार आदि थे।

# सामूहिक दुष्कर्म के खिलापफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस पार्टी रामनगर द्वारा विगत दिनों मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में किशोरी के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध के विरोध में रामनगर में धरना प्रदर्शन किया गया और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की माँग की गई।

शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय गैस गोदाम रोड रामनगर से रानीखेत रोड रामनगर तक भाजपा सरकार मुर्दाबाद और भाजपायों से बेटी बचाओ आदि नारेबाजी लगाते हुए जलूस निकालकर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। रणजीत रावत ने कहा कि प्रदेश भाजपा की सरकार में महिलाएं असुरक्षित है। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना घटित होती है। पहले तो राजनीतिक दबाव में पीड़ित परिवार को थाने बुलाकर कई घंटे बैठाया जाता है फिर विपक्षी पार्टियों के दबाव में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखा जाता है, जिसको राजनीतिक दबाव के चलते नया मोड़ देकर पीड़िता का पक्ष लेने वाले लोगों को ही दोषी बनाया जाता है। जहां भाजपा एक और तो बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा दे रही है वहीं भाजपाइयों से बेटियों को बचाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भुवन पांडे, कांग्रेस जिला महामंत्री जावेद खान, युवा कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एडवोकेट फैजुल हक, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव चांद खान, सभासद मोहम्मद अजमल, पूर्व सभासद गुलाम सादिक,कांग्रेस नेता नजाकत अली, ओमप्रकाश आर्यवंशी, अनीश अहमद, मोहसिन खान, ममता आर्या आदि मौजूद रहे।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुई विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता।** नगर ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी का कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मानव सेवा और सामाजिक सहयोग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि "रेडक्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का जीवंत प्रतीक है। स्वैच्छिक सहयोग समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। वहीं यूथ रेडक्रॉस के नोडल अधिकारी डॉ. रवि जोशी ने रेडक्रॉस आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। रेडक्रॉस के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शशि प्रकाश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "विश्व रेडक्रॉस दिवस हमें मानवता की रक्षा, पीड़ितों की सहायता तथा सामाजिक संवेदनशीलता के महत्व का स्मरण कराता है। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. मृत्युंजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि "रेडक्रॉस की मूल भावना करुणा और निस्वार्थ सेवा है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं।

इस अवसर पर डॉ. ममता सुयाल, डॉ. उमेश जोशी, डॉ. स्वाति लोहनी, डॉ. मंजुलता जोशी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. निशा आर्या, डॉ. आशा गढ़िया, महेश कन्याल, राम जगदीश सिंह, सुनील कुमार सहित छात्र-छात्राओं में हरप्रीत कौर, नवजोत कौर, मुस्कान, जसपाल सिंह, हरमन कौर, उदय राज तिवारी, संदीप सिंह, जगदीश सिंह एवं सिमरजीत कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि प्रकाश सिंह द्वारा किया गया।

# कार्यक्रमों और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देशानुसार शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के नगर मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती की अध्यक्षता में एक बैठक रानीखेत रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई,जिसमे संगठन के कार्यक्रम और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को गतिमान बनाने, शक्तिकेंद्र एवं बूथ स्तर तक बैठकें करने का निर्णय लिया गया।

बैठक मे रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भले ही आम जनता का विश्वास आज भारतीय जनता पार्टी के साथ है फिर भी हमें हर घर तक पहुं. चना होगा और उनकी कोई भी समस्या है तो उसका समाधान भी करना होगा। इसके साथ ही बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ ही पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान बैठक में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, नवीन करगेती, शलभ मित्तल, दीप्ति रावत , ारत तिवाड़ी, ऋषभ अग्रवाल, अमित पाल, अंजना सुंद्रियाल, राजेंद्र रावत ,जय प्रकाश जोशी, आकाश आर्या, गंगा राणा, सुमन बुद्धोरी, कल्पना शर्मा, संजीव सैनी, आशीष कुमार, शुभम उत्तम , प्रयाग दत्त डोरवी , लाल सिंह चंद्रा, दीपक शर्मा, आदिल खान, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, कंचन पांडे आदि मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों के हमले से हिरन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कुत्तों ने हिरन पर हमला कर उसे मार डाला। वन कर्मी शव को उठाकर जंगल ले गए। हिरन को जंगल में दफना दिया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार नादेही रायपुर के बाहरी छोर पर राजपुर निवासी फईम चौधरी के ईट भटटे के पास एक खेत में देर रात को कुत्तों ने एक हिरन को मार डाला। कुत्तों ने हिरन को बुरी तरह से फाड़ रखा था। शुक्रवार सुबह खेतों पर आये ग्रामीण एवं भटटा स्वामी फईम ने वन विभाग के अफसरों को सूचना दी।

वन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की। उसके बाद वह शव को उठाकर ले गए। भटटा स्वामी फईम चौधरी ने बताया कि जिस इलाके में हिरन का शव पड़ा था। उस इलाके में कुत्तों का बसेरा है।और आए दिन आम नागरिकों को भी कुत्तों के काटने का डर बना रहता है।

# रीठा साहिब जोड़ मेले को भव्य बनाने में जुटा प्रशासन

## देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का किया जाए मेहमान की तरह सम्मान: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** दुनिया भर में अपने मीठे रीठे के चमत्कार के लिए प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में आगामी 29 से 31 मई तक आयोजित होने वाले वार्षिक जोड़ मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।



जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि रीठा साहिब ऐसा पवित्र स्थल है जहां देश-विदेश से श्रद्धालु गहरी आस्था के साथ पहुंचते हैं। ऐसे में चम्पावत जिले की पहचान और छवि उनसे सीधे जुड़ी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु का स्वागत एवं सम्मान सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि वे यहां की मधुर स्मृतियां अपने साथ लेकर जाएं और भविष्य में इस मेले के "ब्रांड एंबेसडर" बनकर अधिक श्रद्धालुओं को यहां आने के लिए प्रेरित करें।

बैठक में सिख संगत ने इस वर्ष मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों कराने की मांग रखते हुए जिलाधिकारी से अपनी भावनाएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया।

दिल्ली से पहुंचे कार सेवा प्रमुख बाबा सुरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी मनीष कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से जिले के धार्मिक स्थलों का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सुखीढांग से रीठा साहिब तक की सड़क पूरी तरह सुरक्षित, व्यवस्थित एवं गड्ढामुक्त होनी चाहिए, क्योंकि अधिकांश श्रद्धालु इसी मार्ग से पहुंचेंगे। साथ ही देवीधुरा एवं लोहाघाट से रीठा साहिब को जोड़ने वाले मार्गों को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। संवे. दनशील स्थानों पर बारिश के दौरान मार्ग बाधित न हो, इसके लिए जेस. ीबी मशीनों की विशेष व्यवस्था करने को कहा गया।

उन्होंने मार्गों पर सजावटी तोरणद्वार एवं स्वागत द्वार लगाने के भी निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को आकर्षक वातावरण मिल सके। मेले के दौरान विभिन्न संतों एवं संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले लंगरों के लिए सामग्री लाने वाले वाहनों को विशेष अनुमति देने तथा रोडवेज से अतिरिक्त बसें संचालित कराने की बात भी कही गई।

भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था करने, फायर सर्विस, जल पुलिस एवं अनुभवी पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। विद्युत एवं पेयजल विभागों ने मेले के दौरान निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। इस बार भी गुरुद्वारे के लंगर में पिरुल से बने ब्रिकेटश का ही उपयोग किया जाएगा। इससे जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, वहीं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में एसडीएम नीतीश डांगर, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, जल संस्थान के आरपी डोगराल, पीएमजीएसवाई के त्रिभुवन नारायण बिष्ट, हाइडिल विभाग के अभियंता संजय भंडारी, बाबा सुरेन्द्र सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह, अजित पाल सिंह, अजित सिंह, डॉ विलास, सुजित सिंह, मलकित सिंह, हरदेव सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**एक नजर**

## खाटू श्याम मंदिर की नवीन कार्यकारिणी पहुंची विधायक आवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री खाटू श्याम मन्दिर गल्ला मंडी रुद्रपुर का विगत दिनों सम्पन्न हुए चुनाव के उपरांत नवीन कार्यकारिणी ने रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचकर उनका मार्गदर्शन व आभार जताया।



विधायक शिव अरोरा ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिसमे अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सचिव हरि प्रकाश, कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल को शुभकामनायें दी और साथ हीं उनको हर सम्भव मदद हेतु भरोसा दिया। उन्होंने कहा खाटू श्याम की कृपा से हम समाजिक जीवन मे सेवा भाव से कार्य कर रहें है अगर धर्म समाज के कार्य मे जो भी होगा वह पूरी ईमानदारी से करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा बाबा श्याम के रुद्रपुर मे बड़ी संख्या मे भक्त है और हारे के सहारे खाटू श्याम मंदिर की रुद्रपुर मे बहुत मान्यता है।

**विधायक शिव अरोरा ने किया कार्यकारिणी का किया स्वागत और हर सम्भव मदद का दिया भरोसा**

वहीं कमेटी द्वारा विधायक शिव अरोरा से खाटू श्याम मन्दिर के तोरण द्वार बनाने की मांग की। विधायक शिव अरोरा ने कमेटी को भरोसा दिया इसका स्थालीय परीक्षण करवा कर इसको आने वाले समय मे करवाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान आनंद अग्रवाल, राजेश श्यामपुरिया, राजेश श्यामपुरिया, राम किशन शर्मा, कैलाश अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पहुंचे खटीमा, हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को खटीमा पहुंचे। खटीमा पहुंचने पर माननीय मुख्यमंत्री ने हेलीपैड व कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का सरकार की प्राथमिकता है,इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, दर्जा मंत्री विनय रुहेला,अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी,पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, मुकेश कुमार,दान सिंह रावत, सतीश भट्ट,भवानी भंडारी,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी,उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहस. ीलदार वीरेन्द्र सजवान सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

## कौशलम एक्सपो में बच्चों ने खूब दिखाई उद्यमशील मेधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** एससीईआरटी एवं उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डायट लोहाघाट द्वारा जनपद स्तरीय कौशलम् प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डाइट दिनेश खेतवाल, मुख्य अतिथि नगर पालि. का अध्यक्ष गोविंद वर्मा, विशिष्ट अतिथि पंकज तिवारी, समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



समन्वयक डॉ. गहतोड़ी ने बताया कि प्रदर्शनी में 17 विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यालयों ने एक से बढ़कर एक उद्यमशील प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया एवं अपने नवाच. ारी उत्पादों को बाजार से जोड़ने के बेहतरीन तरीकों पर प्रस्तुतीकरण दिए। एक्सपो में रा इ का दिगालीचौड़, रा इ का मडलक, रा इ का जानकीधार और रा इ का चौडाकोट ने प्रथम चार स्थान प्राप्त किए और राज्य हेतु क्वालीफाई किया। आठ उद्यमशील शिक्षकों अंजली अधिकारी, अतुल गुसाँई, विजय कुमार जोशी, दीपा पांडेय, ललित मोहन गोस्वामी, देवेंद्र कुमार पुनेठा, ज्योति राणा और बीना जोशी को भी पुरस्कृत किया गया। तनुज अटवाल ने आगामी एक्सपो के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जरूरी टिप्स प्रदान किये।

मुख्य अतिथि गोविंद वर्मा द्वारा डायट द्वारा जनपद में शैक्षिक उन्नयन एवं विद्यार्थियों की दक्षता विकास हेतु किया जा रहे कार्यों तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रोटोटाइप की सराहना की। विशिष्ट अतिथि पंकज तिवारी द्वारा उद्योग विभाग द्वारा संचालित विविध व्यावसायिक कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

प्रदर्शनी में निर्णायक डायट प्रवक्ता कृष्ण सिंह ऐरी, डॉ अनिल कुमार मिश्रा और रामबालक मिश्रा रहे। प्राचार्य डाइट दिनेश खेतवाल ने कौशलम कार्यक्रम को बच्चों के कौशल विकास एवं उद्यमिता आधारित भविष्य हेतु मील का पत्थर बताया।

इस अवसर पर प्रबंधक सुमेधा पंत, डॉ अवनीश कुमार शर्मा, डॉ एल एस यादव, डॉ पारुल शर्मा, मनोज भाकुनी, दीपक सोराड़ी, शिवराज सिंह तड़ागी, भगवती जोशी, मंजू मेहता, योगेंद्र बिष्ट, संध्या पांडे, दिनेश गड़कोटी तथा डीएलएड प्रशिक्षु सहित समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्र एवं मार्गदर्शन शिक्षक मौजूद रहे।

## उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अविरल गुप्ता बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के रामनगर डिपो के चुनाव शुक्रवार को बस स्टेशन के नवनिर्मित भवन में संपन्न हुए, चुनाव अधिकारी मुकेश शर्मा ,हरजिंदर सिंह,उमेश चौधरी द्वारा सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई,जिसमे अध्यक्ष अविरल गुप्ता,उपाध्यक्ष मो हारून -रंजीत सिंह,शाखा मंत्री मो साजिद अली,संगठन मंत्री-धनीराम,कोषाध्यक्ष-महेंद्र लाल,कार्यालय सचिव-गुरमीत सिंह,मीडिया प्रभारी-राजीव पांडे, क्षेत्रीय प्रतिनिधि-अमित कुमार,धीरज गुप्ता, प्रांतीय प्रतिनिधि-सतनाम सिंह,कपिल देव चौहान,कार्यकारणी सदस्य-अब्दुल कादिर,अफजल हुसैन, हेमचंद आर्या, भुवन चंद बेलवाल,भूपेंद्र बिष्ट,धीरज टम्टा,कृष्णा गिरी,कुबेर नेगी,मो असरफ,संजय नेगी को बनाया गया है,इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, मनोज भट्ट,हरीश रावत,भुवन भट्ट मौजूद रहे,नवनिर्वाचित अध्यक्ष- मंत्री ने सभी कर्मचारियों का आभार जताया और कहाँ की यूनियन के सदस्यों ने उन पर जो भरोसा रखा है,उसे पूरा करेंगे,अध्यक्ष-मंत्री ने कर्मचारियों को समय पर वेतन,पहाड़ के बंद मार्गो में संचालन शुरू किया जाय,नई बस बेड़ा शीघ्र उपलब्ध कराया जाने की मांग को प्रमुखता से उठाई जायेंगी।

## ट्रैक्टर ट्राली के चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पीरूमदारा क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली के चोरी होने का मामला सामने आया है।ग्राम भवानीपुर बडी निवासी ब्रजमोहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका वाहन खनन कार्य में लगाया गया है। इससे वह एक स्टोन क्रशर पर ही ट्रैक्टर ट्राली को खड़ा करते आ रहे थे। बताया कि छह मई की रात को वाहन चोरी हो गया। सात मई की सुबह वाहन नहीं दिखने पर पुलिस से वाहन को खोजने की मांग की गई। बताया कि अब तक वाहन नहीं मिला है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस टीम को लगाया गया है।

## चम्पावत में एसआईआर की रफ्तार तेज

- सुपरवाइजरों और बीएलओ को मिला तकनीकी प्रशिक्षण
- मतदाता सूची के पुनरीक्षण में आएगी पारदर्शिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** लोकतंत्र की बुनियाद मानी जाने वाली मतदाता सूची को त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने के लक्ष्य के साथ जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को प्रशासन ने नए आयाम देने शुरू कर दिए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर आयोजित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र में सुपरवाइजरों और बीएलओ को आधुनिक तकनीक, सटीक प्रक्रिया और अद्यतन कार्यप्रणालियों की विस्तृत जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण में सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बीएलओ ऐप के संपूर्ण उपयोग, डेटा फीडिंग, घर-घर सत्यापन, अपडेटेड फार्मेट्स तथा त्रुटि सुधार की हर बारीकी को बेहद सरल और व्यवहारिक शैली में समझाया। उनके प्रशिक्षण का सबसे प्रभावी पक्ष यह रहा कि उन्होंने तकनीकी प्रक्रिया को जटिलता से मुक्त करते हुए बीएलओ को आत्मविश्वास और स्पष्टता प्रदान की। नोडल अधिकारी नारायण सिंह ने एसआईआर की चरणबद्ध कार्ययोजना का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह पुनरीक्षण अभियान जिले की मतदाता सूची को अब तक के सबसे सटीक स्वरूप में लाएगा। उन्होंने बताया कि समयबद्ध कार्य, फील्ड-आधारित सत्यापन और शत-प्रतिशत पारदर्शिता इस पूरे अभियान की रीढ़ हैं।

## फर्जी गैंगरेप मामले में भाजपा को बदनाम करने पर कांग्रेस मांगे माफी: शंकर कोरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा ने बनबसा स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चम्पावत में नाबा. लिग बालिका से कथित गैंगरेप के मामले को लेकर कांग्रेस ने बिना तथ्यों के भाजपा को बदनाम करने का प्रयास किया, जिसके लिए उसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।



दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे विपक्ष पूरी तरह बौखलाया हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह झूठ और भ्रम फैलाकर भाजपा की छवि धूमिल करने की साजिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देती आई है तथा किसी भी अपराध के मामले में निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की पक्षधर है। लेकिन कुछ राजनी. तिक दल संवेदनशील मामलों को भी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटते, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी, हरीश पांडे, रुचि धस्माना, सूरज सक्सैना, दुर्वेद्र चौहान, प्रमोद गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएम ने क्रिकेट और फुटबाल खेलकर बढ़ाया युवाओं का उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

- मुख्यमंत्री ने सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम में उच्चीकृत क्रिकेट मैदान जनपदवासियों को किया समर्पित,
- खिलाड़ियों के साथ खेल मैदान में उतरे मुख्यमंत्री

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने पिथौरागढ़ जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम पहुंचकर उच्चीकृत क्रिकेट मैदान का लोकार्पण किया तथा क्रिकेट मैदान को जनपदवा. सियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने क्रिकेट पिच पर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए छह गेंदों का ओवर खेलकर पिच का औपचारिक उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों के साथ खेल मैदान में उत्साहपूर्ण और आत्मीय अंदाज देखने को मिला।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों एवं युवाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल, हॉकी एवं अन्य खेल गतिविधियों में भी सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम भी हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित समस्त युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई तथा उन्हें नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ राज्य में चल रहे अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली एवं सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने समस्त खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और उत्तराखंड को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं में अपार प्रतिभा एवं क्षमता है। खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी कुशलता प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई खेल नीति के माध्यम से राज्य के उदीयमान खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने तथा आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ सहित राज्य के विभिन्न जनपदों में खेलों के लिए बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा प्रदान करना तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि इस क्रिकेट मैदान में चारों ओर फ्लड लाइट की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## उप तहसील में किसानों का अनिश्चित कालीन धरना तीसरे दिन भी जारी

- धरने पर बैठे किसानों की सुध लेने नहीं पहुंचा कोई अधिकारी
- कांग्रेस नेता नवतेज पाल सिंह ने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** ग्राम सरौजा के ग्रामीण वजिन्दर सिंह व उनके पिता सुखविंदर सिंह मोमी नानकमत्ता की उप तहसील के प्रांगण में अपने दर्जनों समर्थकों के साथ तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहे। यहा धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों को सितारगंजकांग्रेस के नेता नवतेज पाल सिंह ने धरने पर उनके साथ बैठकर समर्थन किया तथा कहा की वे इस हक लडाई में साथ है।

बता दे की उप तहसील प्रांगण में तीन दिन से धरने पर बैठे सरौजा के वजिंदर सिंह ने उप जिलाधिकारी सितारगंज को दिए गए पत्र में आरोप लगाया हैं की राजस्व विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा उसके विरुद्ध पूर्व में चुनाव लड़ने से रोकने के लिए उसके विरोधियों के साथ मिलकर एक भूमि पर अतिक्रमण करना दिखाकर बिना नोटिस के चुनाव के नामांकन निरस्त करा था । जब अतिक्रमण से संबधित शिकायत के बाद सर्वे कराया गया तो कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया है।



सर्वे के बाद अन्य नम्बर की भूमि पर अतिक्रमण दिखाया गया तथा उन्हें सही सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करायी। धरने पर बैठे लोग सही सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं।

## विधायक के प्रयास से ईदउलजुहा पर बंद नहीं रहेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विद्युत लाइनों पर काम के चलते ईदुलजुहा पर्व पर तीन दिन तक बिजली बंद नहीं रहेगी। ईई ने बिजली कर्मियों को इस बाबत निर्देश दिए है।

बता दें कि बिजली विभाग ने लाइनों पर काम करने के उददेश्य से नगर एवं देहात के सभी फीडरों का आठ मई से लेकर तीस मई तक शट डाऊन सुबह नो बजे शाम चार बजे तक निर्धारित किया है। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण इलाकों में आपूर्ति बंद रहेगी।

इस बीच 27 मई को ईदुल जुहा पर्व है। यह पर्व तीन तक मनाया जाता है।

इस दौरान जानवरों की कुर्बानी होती है। लाइट बंद होने पर पानी की दिक्कत होने की सूचना पर मुस्लिमों ने विधायक आदेश चौहान से शिकायत की थी।

विधायक ने ईई जीएस कार्की से ईदुलजुहा पर्व पर तीन दिन तक बिजली बंद न करने को कहा था ईई जीएस कार्की ने बताया कि ईदुलजुहा पर्व पर बिजली का शट डाउन नहीं रहेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक-92/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक-29-4-2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संसोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती नसरीन बेगम पत्नी श्री खुर्शीद शाह | भवन सं.188 ए वार्ड नं.3 के अन्तर्गत पूरब, पश्चिम बत्तीस फिट उत्तर-दक्षिण सोलह फिट | श्री लेखराज सिंह पुत्र श्री शिवराज सिंह | श्रीमती नसरीन बेगम पत्नी श्री खुर्शीद शाह | आवेदन मय इकरारनामा आधार कार्ड, श्रीमती कमलेश राज पत्नी श्री लेखराज का मृत्यु प्रमाण पत्र, श्री प्रणवराज पुत्र श्री लेखराज का अनापत्ति शपथ पत्र श्री लेखराज सिंह का अनापत्ति शपथ पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुई गोष्ठी

- मानवता में एकता ही विश्व कल्याण का आधार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में "मानवता में एकता" विषय पर एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन एवं निर्देशन नोडल अधिकारी डॉ. सूरजपाल सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. सूरजपाल सिंह ने रेडक्रॉस सोसायटी के उद्देश्यों एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा और सहयोग का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार सैनी ने "मानवता में एकता" विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि परिवार, समाज, देश और पूरी दुनिया एकता एवं सहयोग की भावना पर आधारित हैं तथा यही भावना समाज और विश्व को आपस में जोड़कर रखती है।

प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मानवता से ऊपर कुछ भी नहीं है और विश्व शांति एवं कल्याण के लिए मानवता की एकता अत्यंत आवश्यक है। डॉ. वीरेंद्र ने सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए आपसी एकता को सबसे महत्वपूर्ण साधन बताते हुए कहा कि हाथ से हाथ मिलाकर सहयोग की श्रृंखला बनानी होगी, तभी समाज, देश और मानवता की सच्ची सेवा संभव है। डॉ. दर्शन सिंह ने कहा कि टीमवर्क ही सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। हमें सदैव सहयोग की भावना के साथ समाज को जागरूक करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. नीलम, डॉ. भावना, डॉ. संगीता, डॉ. दीपक, डॉ. मनप्रीत, डॉ. संजय बिष्ट, डॉ. ललित कुमार सहित शोध छात्र एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

